(11)

**मध्यप्रदेश शासन**

**कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी, वन परिक्षेत्र चिरीया, सामान्य वनमण्डल खरगोन (म.प्र.)**

Email: Mo. 9424793295

क्रमांक /मा.चि. /2023/ 82 चिरीया,दिनांक 25-01-2023

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी महोदय,

सामान्य वनमण्डल खरगोन

विषय :– 11 के.व्ही. विधुत लाईन नरवट रेलसिंग फाल्या में विधुत लाईन का विस्तार कार्य करने की स्वीकृति हेतु प्राप्त आवेदन की जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत करने बाबद।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./2023/177 दिनांक 05.01.2023 के संबंध में।

–––000–––

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है संदर्भित पत्र के माध्यम से 11 के.व्ही. विधुत लाईन विस्तार अंतर्गत नरवट रेलसिंग फाल्या विधुत लाईन विस्तार हेतु प्राप्त आवेदन की जॉच में चौडाई 1.00 मीटर दर्शायी जाकर वनभूमि व्यपवर्तन की गणना की गयी थी जिसके स्थान पर चौडाई 7.00 मीटर ली जाकर गणना कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबद निर्देशित किया गया है।

जिसके परिपालन में परिक्षेत्र सहायक चिरीया को निर्देशित किया गया था परिक्षेत्र सहायक चिरीया द्वारा दिनांक 10.01.2023 को संदर्भित पत्र में दिये गये बिन्दुओं के आधार पर जांच कर मौका पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

परिक्षेत्र सहायक चिरीया के मौका पंचनामा अनुसार 11 के.व्ही. विधुत लाईन का विस्तार नरवट रेलसिंग फाल्या में किया जाना है जॉच के दौरान प्रस्तावित स्थल की जी.पी.एस. रिडिंग ली गयी है। जी.पी.एस. रिडिंग अनुसार उक्त विधुत लाईन विस्तार कार्य बीट चिरीया उत्तर के कक्ष क्रमांक 742 अंतर्गत किया जाना है जिसकी प्रारंभिक बिन्दु की जी.पी.एस रिडिंग N21º 35 ' 7.00" E75º 54 ' 35" एवं अंतिम बिन्दु की जी.पी.एस रिडिंग N21º 35 ' 12.00" E75º 54 ' 39" है। जॉच के दौरान पाया गया कि 250 मीटर लंबाई एवं 07 मीटर की चौडाई में कार्य किया जाना है जिसका रकबा 1750 वर्ग मीटर या 0.175 हेक्टेयर क्षेत्र होना पाया गया है। उक्त प्रस्तावित विधुत लाईन विस्तार में वृक्षों को कोई हानि होना नहीं पाया गया है, साथ ही विगत वन्यप्राणी गणना अनुसार उक्त क्षेत्र में वन्यप्राणियों की गणना निरंक होना पाया गया है।

अत: 11 के.व्ही. विधुत लाईन रेलसिंग फाल्या नरवट में विधुत लाईन का विस्तार किये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रतिवेदन में ली गयी आपत्ति की पूर्ति कर प्रतिवेदन पुन: अवलोकनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

मा. चि

क्र 839
दि. 27-1-23

D.F.O. Khargone
27/1


वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र चिरीया

Scanned with CamScanner

# COMP. NO. : 742 E.C

## KHARGONE DIVISION

CHIRIYA RANGE




Scanned with CamScanner